# आंकलन प्रपत्र
# विषय : गणित
# कक्षा – 6-8

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

SCERT
स्वाध्यायान्मा प्रमदः

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद
वरूण मार्ग, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली–110024

1000 प्रतियां
2014
© राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली

## *मुख्य सलाहकार*

**श्री अनिन्दो मजूमदार**
प्रधान सचिव (शिक्षा)
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
दिल्ली सरकार
**श्रीमती नेहा बंसल**
आई.ए.एस. राज्य परियोजना निदेशिका (एस.एस.ए)
**श्रीमती अनीता सेतिया**
निदेशिका, एस.सी.ई.आर.टी., दिल्ली

## *मार्ग दर्शन*

**डॉ. प्रतिभा शर्मा**
सयुक्त निदेशिका, एस.सी.ई.आर.टी. एवं राज्य शिक्षण समन्वयक

## *शैक्षिक समन्वयक एवं संपादक*

**डॉ. नाहर सिंह, एस.सी.ई.आर.टी., दिल्ली**
**डॉ. बिन्दु सक्सेना, एस.सी.ई.आर.टी., दिल्ली**

## *लेखक समूह*

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. नाहर सिंह | – | रीडर, यू.ई.ई., एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| डॉ. सीमा यादव | – | वरिष्ठ प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| श्रीमती रीतिका डबास | – | वरिष्ठ प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| डॉ. बिन्दु सक्सेना, | – | प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| श्री संजय कुमार, | – | प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| श्रीमती ज्योति वार्ष्णेय | – | प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| श्री धीरज कुमार राय, | – | प्रवक्ता, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली |
| डॉ. विनीत कुमार गम्भीर, | – | टी.जी.टी., एस.बी.वी. फतेहपुर बेरी |

**प्रकाशन प्रभारी :** सपना यादव (एस.सी.ई.आर.टी) दिल्ली
**प्रकाशन समूह :** श्री नवीन कुमार, राधा एवं जयभगवान
**प्रकाशक :** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, दिल्ली
**मुद्रक :** एजूकेशनल स्टोर्स, एस.5, बुलन्दशहर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया, साईट-I, गाजियाबाद (उ.प्र.)

# प्राक्कथन

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार देश के प्रत्येक बच्चे को जो कि 6-14 आयु वर्ग के हैं, को अनिवार्य एवं नि:शुल्क शिक्षा का प्रावधान है। परंतु देश में करोड़ों की संख्या में बच्चे विद्यालयी शिक्षा के बजाए सड़कों, दुकानों, कल-कारखानों तथा फुट-पाथों पर अपने अभिभावक के साथ या अकेले कार्य कर रहे होते हैं। जब इन बच्चों को इस स्थिति में मिलते हैं तो मन में एक पीड़ा सुनाई देती है कि किस प्रकार शिक्षा का अधिकार का पालन हो रहा है शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अनुच्छेद-4 के अनुपालन में राज्य सरकारों व स्थानीय स्वशासन की जिम्मेदारी बनती है कि इन बच्चों का किसी-न-किसी विद्यालय में उनकी आयु के आधार पर नामांकन कराना तथा प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण न होने तक विद्यालय के अन्दर बनाए रखना आवश्यक है।

इस प्रकार के बच्चों के लिए नामांकन करना बहुत ही सरल कार्य है, लेकिन इस प्रकार के बच्चों को उनकी आयु के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देना एक अध्यापक के लिए विशेष चुनौती है, क्योंकि प्रवेश आयु के आधार पर दिया जा सकता है लेकिन बिना आंकलन के एक अध्यापक के लिए बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है क्योंकि सामान्य बच्चों के साथ इस प्रकार के बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण नहीं दिया जा सकता। अध्यापकों तथा बच्चों की समस्याओं का निदान करते हुए प्रारंभिक शिक्षा विभाग एस.सी.ई.आर.टी दिल्ली ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न आंकलन प्रपत्रों का निर्माण किया है। जिनके माध्यम से विद्यार्थियों का विद्यालय में प्रवेश के समय आंकलन कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण केन्द्रों पर विशेष पाठ्यक्रम के लिए अग्रप्रेषित किया जा सकता है।

यह आंकलन प्रपत्र केवल प्रवेश प्रक्रिया के समय ही नहीं अपितु तीन माह से लेकर दो वर्षों तक बच्चे के द्वारा सीखी गई सभी क्रियाओं का आंकलन करने में भी प्रपत्र अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। एक तरह से देखा जाए यह आंकलन प्रपत्र प्रवेश पूर्व तथा विद्यालय शिक्षा में जोड़ने तक अहम भूमिका निभा सकते हैं। यदि शिक्षक चाहे तो इन प्रपत्रों के स्वरूप को देखकर तथा छात्रों की क्षेत्र विशेष को ध्यान में रखकर स्वयं भी इस प्रकार के प्रपत्र तैयार कर बच्चों का आंकलन कर सकते हैं।

मुझे आशा है कि एस.सी.ई.आर.टी दिल्ली का ये प्रयास बच्चों की शिक्षा व्यवस्था को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगा। यदि आप के संज्ञान में किसी भी प्रकार की त्रुटि या सुझाव देने की जिज्ञासा है, तो प्रभारी प्रारंभिक शिक्षा विभाग को पत्र के माध्यम से सीधे सूचित कर सकते हैं। अंत में मैं अपने सभी सहयोगियों तथा अध्यापकों को सहृदय आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इन आंकलन प्रपत्रों के बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

डॉ. नाहर सिंह
रीडर एवं प्रभारी
प्रारंभिक शिक्षा विभाग, एस.सी.ई.आर.टी. दिल्ली

# STC-I

# आंकलन प्रपत्र

## विषय : गणित कक्षा-VI

*समय : .......................* *पूर्णांक : 40*

*सामान्य निर्देश: (i) इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।*

*(iii)* उत्तर देते समय पहले प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और समझ ले फिर प्रश्न का उत्तर लिखें ताकि उत्तर लिखने में आसानी रहे।

**1.** संख्याओं को आरोही क्रम में लिखते हुए (बढ़ते क्रम) रिक्त स्थान भरो–

234, 850, 742, 559, 600




**2.** गुणा करो–

| | |
|---|---|
| 5 2 5 | 4 4 5 |
| × 2 9 | × 4 8 |

**3.** एक रुपये में 100 पैसे होते हैं। राम के पास 18 रु. 35 पैसे हैं उसके पास कुल कितने पैसे हैं?

**4.** रहीम ने राशन की दुकान से 15 किलोग्राम गेहूँ तथा 10 किलोग्राम चावल खरीदे। यदि गेहूँ का मूल्य 2 रु. प्रति किलोग्राम तथा चावल का मूल्य 3 रु. प्रति किलोग्राम है तो रहीम ने कुल कितने रुपये का अनाज खरीदा?

5. एंथनी के मौहल्ले में एक पार्क है जिसकी आकृति आयताकार है।




पार्क का परिमाप ज्ञात करो।

6. अमर के मौहल्ले में कुल 800 व्यक्ति रहते हैं जिनमें से 500 पुरुष है तथा शेष महिलाएं हैं। पुरुषों तथा महिलाओं का औसत/माध्य ज्ञात करो।

7. दी गई आकृति में **AOD** एक सरल रेखा है। $\angle$**AOB** ज्ञात करो।




8. निम्न वस्तुओं की आकृति का उनके नामों के साथ मिलान करो।

वृत्त



आयत

9. ½ भाग को छायांकित कीजिए :



10. दी गई घड़ी में कितना समय हुआ है :

(i) 02 : 35 (ii) 07 : 10 (iii) 12 : 15

# STC-2

# आंकलन प्रपत्र

**विषय : गणित** **कक्षा-VI**

*समय : ......................* *पूर्णांक : 40*

*सामान्य निर्देशः (i) इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।*

*(ii) उत्तर देते समय पहले प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और समझ ले फिर प्रश्न का उत्तर लिखें ताकि उत्तर लिखने में आसानी रहे।*

**1.** संख्याओं को अवरोही (घटते क्रम) में लिखते हुए रिक्त स्थान भरो।

(i) 101, 493, 766, 879, 999, 333

(ii)




**2.** भाग करें।

(i) 18 )876(

भागफल = ..........................

शेषफल = ..........................

3. शाहरुख ने दूध वाले से 1 कि.ग्रा. **500** ग्राम दूध लिया। दूध की मात्रा ग्राम में ज्ञात करो।

दूध = 1 कि.ग्रा. 500 ग्राम  =  दूध = .................. ग्राम

4. टीना की मां बाजार से सब्जी लेने गई। टीना की मां ने 2 कि.ग्रा. आलू तथा 1 कि.ग्रा. प्याज खरीदा। यदि आलू का भाव 20 रु. किलो तथा प्याज का भाव 30 रुपये किलो हो तो टीना की मां ने कुल कितना खर्च किया।

आलू

2 कि.ग्रा. आलू

20 रु. कि./ग्रा.

प्याज

1 कि.ग्रा. प्याज

30 रु./कि.ग्रा.

5. अकबर के घर के नजदीक एक तिकोना पार्क है। जिनकी साइडो (भुजाओं) की लम्बाई आकृति में दर्शाई गई है। पार्क की दीवार की कुल लम्बाई (परिमाप) ज्ञात करो।




6. अमर के पिता की आयु 44 वर्ष, माता की आयु 42 वर्ष, उसकी बहन लीना की आयु 7 वर्ष तथा अमर की आयु 12 वर्ष है। अमर के परिवार में 4 सदस्य है। परिवार की औसत आयु ज्ञात करों।

| पिता | माता | अमर | लीना |
|---|---|---|---|
| 44 | 42 | 12 | 7 |
| वर्ष | वर्ष | वर्ष | वर्ष |

7. $\frac{3}{8}$ भाग को छायांकित करो।



8. आकृति का उसके नामों के साथ मिलान करो।

आयत

वृत्त

9. दी गई घड़ी में कितना समय हुआ है।

(i)

(ii)

10. निम्न अंग्रेजी वर्णमाला के कोणों को न्यून, समकोण तथा अधिक कोण को बताए :

L (i) 

V (ii)

Y (iii)

# STC-I

# आंकलन प्रपत्र

## विषय : गणित     कक्षा-VII

*समय : ......................*     *पूर्णांक : 40*

*सामान्य निर्देश: (i) इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।*

*(ii) उत्तर देते समय पहले प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और समझ ले फिर प्रश्न का उत्तर लिखें ताकि उत्तर लिखने में आसानी रहे।*

**1.** चार अंकों की सबसे छोटी संख्या व तीन अंकों की सबसे बड़ी संख्या का अन्तर ज्ञात करो।

**2.** 100 रुपये में कितने पैसे होंगे

= ...................... पैसे

**3.** यदि 225 की पूर्ववर्ती संख्या 224 है तो

(i) 749 तथा 444 की पूर्ववर्ती संख्या बताइए।

4.
```
  48721      98759
+ 33845    - 39063
_______    _______

_______    _______
```

5. एक चाय बेचने वाला दुकानदार एक दिन में 225 चाय बेचता है। यदि एक चाय 7 रुपये में बेचता है तो उसे 1 दिन में कुल कितनी राशि प्राप्त होगी।

6. एक अण्डे बेचने वाले दुकानदार के पास कुल 744 अण्डे है वह उन्हें अण्डे वाली ट्रे में सजाना चाहता है यदि एक अण्डा ट्रे में 24 अण्डे आते हो तो कुल कितनी ट्रे अण्डों की बनेगी।

7. सचिन तेंदुलकर द्वारा एक वन डे मैच (एक दिवसीय क्रिकेट मैच) में एक ओवर की प्रत्येक बाल (गेंद) पर बनाए रनों को दण्ड आलेख द्वारा दिखाया (दर्शाया) गया है। दण्ड आलेख को समझकर प्रश्नों के उत्तर दे।




1. सचिन ने एक ओवर में कितने छक्के मारे।
2. सचिन ने ओवर की कौन-कौन सी गेंद पर चार रन बनाए (चौका)
3. ओवर की कौन-सी गेंद पर सबसे कम रन बने।
4. पहली गेंद पर कितने रन बने।

8. निम्न आकृति में कौन-सी रेखाएं समांतर है तथा कौन-सी रेखाएं प्रतिछेदी है।

9. सही मिलान करो :

अधिक कोण (90° से बड़ा)



न्यून कोण (90° से छोटा)



समकोण (90° का कोण)

10. आकृतियों का उचित मिलान करो :

बेलन

शंकू

घनाभ

# STC-2

## आंकलन प्रपत्र

**विषय : गणित** **कक्षा-VII**

*समय : ......................* *पूर्णांक : 40*

*सामान्य निर्देश: (i) इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।*

*(ii) उत्तर देते समय पहले प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और समझ ले फिर प्रश्न का उत्तर लिखें ताकि उत्तर लिखने में आसानी रहे।*

1. चार अंकों की सबसे छोटी व चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या बताइये :

2. यदि 1 किलोमीटर = 1000 मी.

   तो 1 किलोग्राम = .................... ग्राम

3. यदि 876 की परवर्ती संख्या 877 है तथा 999 की परवर्ती संख्या 1000 है तो निम्न की परवर्ती संख्या ज्ञात करो।

   (i) 8234 (ii) 2999

4. यदि संख्या रेखा पर (2+3) को इस प्रकार दर्शाया जाता है :

   $2 + 3 = 5$




   तो

   (i) 4 + 3 तथा (ii) 5 + 4 को संख्या रेखा पर दर्शाओं।

5. एक दूधवाला हलवाई को सुबह 44 लीटर दूध देता है तथा शाम को 56 लीटर दूध देता है। यदि दूध का मूल्य 32 रु. प्रति लीटर हो तो दूध वाले को प्रतिदिन कितनी राशि प्राप्त होगी।

6. एक जूते बनाने वाली फैक्ट्री में एक दिन में 260 जोड़ी जूते बनते हैं। जनवरी माह में उस कम्पनी में कुल कितने जोड़ी जूते बनेंगे।

7. एक सब्जी बेचने वाला प्रतिदिन जितनी सब्जी बेचता है उसे नीचे दिए गए दण्ड आलेख में दिखाया गया है। इस दण्ड आलेख को पढ़कर/समझकर निम्न प्रश्नों के उत्तर दो




(1) कौन-सी सब्जी सबसे अधिक बिकी?

(2) दुकानदार ने कितने किलो किलोग्राम प्याज बेचा?

(3) सबसे कम बिकने वाली सब्जी कौन-सी है?

(4) एक दिन में कितने किलोग्राम भिंडी बिकी?

8. दी गई आकृति में निम्न का नाम लिखिए :

(i) पांच बिन्दु

(ii) एक सरल रेखा




9. दी गई आकृति में :

(i) एक न्यून कोण (90° से कम)

(ii) एक समकोण (90° का कोण)

(iii) एक अधिक कोण (90° से बड़ा कोण)

(iv) एक ऋजुभुज (सरल कोण का नाम लिखिए।



10. निम्न आकृतियों का उनके नाम से मिलान करें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | | (चॉक का डिब्बा) | शंकू |
| (ii) | | (जूते का डिब्बा) | बेलन |
| (iii) | | (गैस सिलेन्डर) | घनाभ |
| (iv) | | (सोफ्टी/तिला कुल्फी) | घन |

# STC-1

# आंकलन प्रपत्र

## विषय : गणित कक्षा-VIII

*समय : .........................* *पूर्णांक : 40*

*सामान्य निर्देश: (i) इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।*
*(ii) प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।*
*(iii) उत्तर देते समय पहले प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और समझ ले फिर प्रश्न का उत्तर लिखें ताकि उत्तर लिखने में आसानी रहे।*

1. (i) $(-5) + 7 - (-19)$

   (ii) $18 - (12) + (-15)$

2. $\left[\frac{25}{7} \times \left(\frac{-11}{5}\right) \times \left(\frac{14}{-33}\right)\right]$ को सरल करें।

3. एक क्रिकेट टीम के 11 खिलाड़ियों का वजन निम्न प्रकार है (कि.ग्रा. में)

   45, 52, 54, 65, 58, 49, 61, 72, 68, 74, 53

   टीम के खिलाड़ियों का औसत वजन (भार) ज्ञात करो।

4. अहमद के पिता की आयु, अहमद की आयु के 4 गुने से 6 वर्ष कम है। यदि पिता की आयु 54 वर्ष है तो अहमद की आयु ज्ञात करो।

5. जॉनी की मासिक आय 20,000 रु. से बढ़कर 21500 रु. हो गई। आय में बढ़ोतरी प्रतिशत में ज्ञात करें।

6. एक आयत की लम्बाई 12 से.मी. तथा चौड़ाई 9 से.मी. है। आयत का क्षेत्रफल तथा परिमाप ज्ञात करो।

7. एक घनाभ में कुल कितने पृष्ठ होते हैं तथा कितने किनारे (कोर) होते हैं।

8. दी गई आकृति में त्रिभुज के कोणों को दर्शाया गया है। प्रत्येक कोण का माप ज्ञात करें। यदि $\angle A = (2x + 10)°$

$\angle B = (x + 40)°$ तथा $\angle C = (x + 10)°$




9. यदि एक समकोण त्रिभुज में कर्ण की ल. 10 से.मी. हो तथा एक अन्य भुजा 6 से.मी. हो तो त्रिभुज की तीसरी भुजा ज्ञात करो।

10. 75° का पूरक कोण तथा सम्पूरक कोण ज्ञात करो।

# STC-2

# आंकलन प्रपत्र

## विषय : गणित

## कक्षा-VIII

*समय : ......................* *पूर्णांक : 40*

*सामान्य निर्देश: (i) इस प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।*

*(ii) उत्तर देते समय पहले प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ ले और समझ ले फिर प्रश्न का उत्तर लिखें ताकि उत्तर लिखने में आसानी रहे।*

**1.** हल करें :

(i) $(12) \times (-3) \times (-2)$

$18 \times (-4) \div (-6)$

**2.** हल करें :

(i) $\frac{9}{2} \times \frac{(-11)}{5}$ का गुणनफल ज्ञात करें

(ii) $\frac{(-4)}{7} \div \frac{3}{14}$ को सरल करें।

**3.** वह संख्या ज्ञात करो जिसके दुगने में 15 जोड़ने पर, 87 प्राप्त हो।

**4.** सचिन ने 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में प्रत्येक टेस्ट में क्रमश: 78, 102, 34, 56 तथा 84 रन बनाए। सचिन का प्रति टैस्ट मैच औसत ज्ञात करो।

**5.** यदि सलमान ने एक साइकिल 2000 रु. में खरीदी तथा 12% के लाभ पर बेच दी। साइकिल का विक्रय मूल्य ज्ञात करें।

**6.** एक कमरे की ल. 24 मी. तथा चौ. 18 मी. है। कमरे में फर्श पर टाइल बिछाने का व्यय 15 रु. प्रति वर्ग मीटर के दर पर ज्ञात करो।

7. दी गई आकृति में यदि




$\angle ACD = 110°$

$\angle A = 65°$

तो $\angle B$ तथा $\angle ACB$ ज्ञात करो।

8. भुजाओं की लम्बाई के आधार पर त्रिभुज के प्रकार के नाम लिखो।

9. एक व्यक्ति का प्रतिमास मोबाइल फोन का मासिक बिल निम्न प्रकार है :

| मास | जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रैल | मई | जून |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मासिक बिल रुपयों में | 200 | 250 | 150 | 200 | 250 | 300 |

उचित पैमाना लेकर एक दंड आरेख खींचो।

10. वृत की त्रिज्या ज्ञात करो जिसकी परिधि **314cm** हो।

# नोट्स

# Document Outline


- 25-Math Class VI to VIII_Page_01
- 25-Math Class VI to VIII_Page_02
- 25-Math Class VI to VIII_Page_03
- 25-Math Class VI to VIII_Page_04
- 25-Math Class VI to VIII_Page_05
- 25-Math Class VI to VIII_Page_06
- 25-Math Class VI to VIII_Page_07
- 25-Math Class VI to VIII_Page_08
- 25-Math Class VI to VIII_Page_09
- 25-Math Class VI to VIII_Page_10
- 25-Math Class VI to VIII_Page_11
- 25-Math Class VI to VIII_Page_12
- 25-Math Class VI to VIII_Page_13
- 25-Math Class VI to VIII_Page_14
- 25-Math Class VI to VIII_Page_15
- 25-Math Class VI to VIII_Page_16
- 25-Math Class VI to VIII_Page_17
- 25-Math Class VI to VIII_Page_18
- 25-Math Class VI to VIII_Page_19
- 25-Math Class VI to VIII_Page_20